आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 24.02.2025

मुख्य समाचारः—

1— छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हुआ—राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में राज्य सरकार की बीते एक साल की उपलब्धियों को रेखांकित किया।

2— प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवीं किस्त जारी की।

3— जशपुर जिले में पुलिस ने तस्करी करके ले जाई जा रही करीब डेढ़ करोड़ रूपए की अवैध शराब को जब्त किया।

4— आज से नवा रायपुर में शुरू हुई छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप।

विधानसभा सत्र

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। सत्र की शुरूआत राज्यपाल के अभिभाषण से हुई।

अपने अभिभाषण में राज्यपाल रमेन डेका ने राज्य सरकार की बीते एक साल की उपलब्धियों को रेखांकित किया। राज्यपाल ने कहा कि नगरीय निकायों में निर्वाचन के बाद अब प्रदेश को ट्रिपल इंजन की सरकार मिल गई है। इससे केन्द्र, राज्य और स्थानीय निकायों में बेहतर समन्वय होने से निश्चित ही बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे और विकास की गति में तेजी से वृद्धि होगी।

राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में एक ऐसा ईको सिस्टम तैयार हुआ है, जहां युवाओं की सृजनात्मक प्रतिभा को सम्मान मिल रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि सरकार ने प्रदेश में नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने की दिशा में प्रभावी कार्य किया है।

राज्यपाल ने कहा कि नक्सल हिंसा प्रभावित छब्बीस गांवों में इस बार पहली बार ध्वजारोहण किया गया। साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में सुकमा जिले के पेंटा—चिमली, केरलापेंदा, दुलेड़, सुन्मगुडा और पूवर्ती जैसे गांवों में पहली बार मतदान हुआ।

बजट सत्र के पहले दिन आज सदन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस—पच्चीस के लिए तृतीय अनुपूरक अनुदान पेश किया। इस पर कल सदन में चर्चा की जाएगी।

इक्कीस मार्च तक चलने वाले बजट सत्र के दौरान कुल सत्रह बैठकें होंगी। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए बजट तीन मार्च को प्रस्तुत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज विधानसभा परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि इस वर्ष पेश किया जाने वाला बजट भी जनकल्याणकारी और सर्व समावेशी होगा।

आज राज्यपाल के अभिभाषण के बाद विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के साथ विभिन्न विधायकों ने नवा रायपुर में बन रहे छत्तीसगढ़ विधानसभा के नये भवन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा का नया भवन लगभग तैयार है और उम्मीद है कि अगला सत्र नये भवन में ही आयोजित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवीं किस्त जारी की। योजना के नौ करोड़ अस्सी लाख लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में सीधे बाईस हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि जारी की

गई। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की छठवीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते एक दशक में केन्द्र की एनडीए सरकार ने किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी शक्ति से काम किया है।

इस मौके पर छत्तीसगढ़ में भी विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। दुर्ग जिले के अंजोरा स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिले के किसान उपस्थित हुए। इन किसानों ने किसान सम्मान निधि के तहत किस्त जारी करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत भारत सरकार देश के सभी किसानों को हर साल छह हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान करती है। यह राशि तीन किस्तों में दी जाती है।

पंचायत चुनाव–तीसरा चरण

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण के तहत कल राज्य में इक्यासी प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। कल तीसरे चरण में पचास विकासखंडों में वोट डाले गए। तीसरे चरण में पंच के तीस हजार नौ सौ नब्बे पदों के लिए, सरपंच के तीन हजार आठ सौ दो पद, जनपद सदस्य के एक हजार एक सौ बाईस पद और जिला पंचायत सदस्य के एक सौ पैंतालीस पदों के लिए मतदान हुआ।

उच्च न्यायालय–आर्य समाज

आर्य समाज के नाम पर अवैध रूप से शादियां करा रही कथित संस्थाओं को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही इस मामले में राज्य शासन और रजिस्ट्रार फर्म सोसायटी को भी नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए गए हैं।

आज छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा की याचिका पर उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। याचिका में प्रदेश की बाईस संस्थाओं को पक्षकार बनाया गया है। आरोप है कि ये संस्थाएं आर्य समाज के नाम पर बिना मान्यता और बिना संबद्धता के ही अनुष्ठान और शादियां कराकर धन कमा रही हैं।

जशपुर–शराब जब्त

जशपुर पुलिस ने तस्करी करके ले जाई जा रही करीब डेढ़ करोड़ रूपए की शराब को जब्त किया है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक ट्रक से अवैध शराब को पंजाब से झारखंड बिहार ले जाया जा रहा है। इसके बाद दुलदुला थाना क्षेत्र अंतर्गत लोरोघाट के पास ट्रक को रोककर तलाशी ली गई।

गोल्फ चैंपियनशिप

छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप आज से नवा रायपुर में शुरू हो गई है। अट्ठाईस फरवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड और एस.ई.सी.एल द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में बारह देशों के एक सौ छब्बीस खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। विजेताओं को एक करोड़ रूपए की राशि इनाम के तौर पर दी जाएगी।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– नारायणपुर जिले में आज एक इनामी माओवादी दंपत्ति ने आत्समर्पण किया। इन माओवादियों पर पांच–पांच लाख रूपए का इनाम घोषित था।

– भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने में गन्ना खरीदी की अंतिम तिथि छब्बीस फरवरी निर्धारित की गई है। गन्ना उत्पादक किसानों को गन्ना आपूर्ति पर्ची कारखाने या अपने क्षेत्र के सहायक से प्राप्त करने की सलाह दी गई है।

– रायपुर–जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तीस पर कवर्धा के कृषि मंडी के पास एक ट्रक ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे मोटर साइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद लोगों ने मिनीमाता चौक में चक्काजाम कर दिया। इससे इस राजमार्ग पर परिवहन बाधित हो गया है।

– नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से रेलवे ने टाटा–बिलासपुर एक्सप्रेस और इतवारी टाटानगर एक्सप्रेस को पच्चीस से सत्ताईस फरवरी के बीच रद्द कर दिया है।

– मौसम विभाग के अनुसार उत्तर से आने वाली हवा का प्रभाव कम होने के कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>